report. They have commented on various aspects of Konkan Railway Corporation including Contract Management. They have suggested improvements in the working of the system and the award of tenders only in the most open manner. Their recommendations have been accepted, and Konkan Railway Corporation has been advised to follow the same for all future works.

मध्य प्रदेश में व्यावसायिक पाठ्यक्रम

882. श्री अजीत जोगी: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में ऐसे माध्यमिक विद्यालयों की संख्या कितनी है जिनमें माध्यमिक शिक्षा को व्यवसायोन्मुख बना दिया गया है;

(ख) विद्यार्थियों की कुशलता बढ़ाने के लिए कौन-कौन से पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे हैं;

(ग) क्या उन विद्यालयों को जिनमें व्यावसायिक पाठ्यक्रम आरंभ किये गए हैं, प्रशिक्षित प्रशिक्षक तथा आवश्यक अध्यापन सहायता उपलब्ध कराई जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा-विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) निम्न माध्यमिक स्तर पर पूर्व व्यावसायिक शिक्षा की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत 30 स्कूलों में माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए वर्ष 1993-94 में मध्य प्रदेश सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी। तथापि, राज्य द्वारा अभी तक यह कार्यक्रम शुरू नहीं किया गया है।

(ख) राज्य सरकार ने इन स्कूलों में नौ पाठ्यक्रमों को शुरू करने का प्रस्ताव रखा था, जिसकी सूची विवरण में है। (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए अनिवार्य उपस्कर और कच्चे माल को प्राप्त करने के लिए, पाठ्यचर्या और शैक्षणिक सामग्री के विकास के लिए, शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के प्रशिक्षण और प्रबोधन के लिए तथा शिक्षकों के वेतन के लिए राज्य सरकार को सहायता प्रदान की गई है।

विवरण

मध्य प्रदेश राज्य में माध्यमिक स्कूलों में प्रस्तावित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सूची

1. घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत और रख रखाव
2. स्कूटर और मोटर साइकिल की मरम्मत और रख-रखाव
3. सामुदायिक कार्य और सामाजिक सेवा
4. इलैक्ट्रोनिक्स प्रौद्योगिकी
5. मौलिक कार्यालय प्रक्रिया
6. मौलिक बुक कीपिंग
7. सामान्य बागवानी
8. लेखा शास्त्र
9. वृक्ष पोषण सामाजिक कृषि वानिकी

मध्य प्रदेश में साक्षरता अभियान

883. श्री राघवजी : क्या मानव संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1995-96 के दौरान मध्य प्रदेश में साक्षरता अभियान पर खर्च की गई कुल धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है,

(ख) ऐसे अभियानों की सहायता से प्रत्येक जिलें में कितने व्यक्ति साक्षर हो गए है,

(ग) मार्च, 1997 तक प्रत्येक जिले में अभी और कितनी धनराशि व्यय की जानी है, और

(घ) क्या इस धनराशि के दुरुपयोग के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया) : (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ग) संपूर्ण साक्षरता अभियानों के अन्तर्गत जो अनुदान दिए जाते हैं उनका उपयोग संपूर्ण परियोजना अवधि तक पूरा करना होता है। सामान्य-तौर पर एक परियोजना की संपूर्ण अवधि 14 से 18 महीने तक की होती है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं।

(घ) जी, नहीं।